# लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र,

(एम0एफ0पी0–पार्क), वन परिसर, बरखेड़ा पठानी, भोपाल–462021
E-mail :mfpparc@gmail.com Website: vindhyaherbals.com Phone: 0755-2970629, 2970630
[प्रधान कार्यालय–म0 प्र0 राज्य लघु वनोपज व्यापार एवं विकास सहकारी संघ मर्यादित, इंदिरा निकुंज, 74 बंगला, भोपाल–003]

क्र0 / एम.एफ.पी.–पार्क / मु.का.अधि. / स्था0 / 17 / 2220 भोपाल, दिनांक 28.10.2017

निविदा फार्म का मूल्य – रू. 1000 / –

मध्य प्रदेश राज्य लघु वनोपज संघ की इकाई लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, बरखेड़ा पठानी, भोपाल में फर्श एवं दीवालों पर एपाक्सी एवं कोविंग उपचार का कार्य (लगभग 20,000 वर्ग फीट) कराने हेतु इच्छुक निविदाकरों से मुहरबंद लघु निविदाएं आनलाइन आमंत्रित की जाती है।

(आनलाइन निविदा प्रस्तुत करने की

अंतिम दिनांक 09.11.2017 समय सायं 5.00 बजे तक)

## लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र (एम.एफ.पी.–पार्क)

वन परिसर, बरखेड़ा पठानी, भोपाल
(प्रधान कार्यालय–म.प्र.राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित)
फोन : (0755) 2970629, 2970630 फैक्स : (0755) 2417670
**Website:** www.vindhyherbals.com , **Email:** mfpparc@gmail.com, mfp_parc@rediffmail.com

**मध्य प्रदेश राज्य लघु वनोपज संघ की इकाई लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, बरखेड़ा पठानी, भोपाल में फर्श एवं दीवालों पर एपाक्सी एवं कोविंग उपचार का कार्य (लगभग 20,000 वर्ग फीट) कराने हेतु इच्छुक निविदाकरों से मुहरबंद लघु निविदाएं आनलाइन आमंत्रित की जाती है।**

1. आनलाइन ई–निविदा से संबंधित विवरण म.प्र.शासन की ई–प्रोक्योरमेंट बेवसाइट www.mpeproc.gov.in पर निर्धारित समय सीमा एवं अवधि हेतु उपलब्ध रहेगें।
2. इच्छुक निविदाकार बोलीदाता को आनलाइन आवेदन करने के पूर्व डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से ई–प्रोक्योरमेंट बेवसाइट www.mpeproc.gov.in पर पंजीयन कराना आवश्यक है।
3. निविदा प्रपत्र संस्था की बेवसाइट www.vindhyaherbals.com पर भी सन्दर्भ हेतु उपलब्ध रहेंगे।

<u>निविदा के संबंध में निर्धारित समय सारणी</u>

| **कार्यविवरण** | **दिनांक एवं समय** |
|---|---|
| आनलाइन निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने का समय | **30.10.2017 अपरान्ह 3.00 बजे से निविदा प्रपत्र www.mpeproc.gov.in पर आनलाइन उपलब्ध रहेगा।** |
| तकनीकी निविदा भौतिक रुप से जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय | **09.11..2017 को सांयकाल 5.00 बजे तक– कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी लघुवनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, बरखेड़ा पठानी भोपाल को प्राप्त हो जाना चाहिए।** |
| आनलाइन निविदा (तकनीकी एवं वित्तीय) भरने/अपलोड करने की अंतिम दिनांक एवं समय | **09.11.2017 दिन गुरुवार को अपरान्ह 5.00 बजे तक** |
| आनलाइन तकनीकी निविदा (मय भौतिक प्राप्त) एवं वित्तीय निविदा खोलने का दिनांक एवं समय | **10.11.2017 दिन शुक्रवार को अपरान्ह 3.00 बजे से** |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य | **राशि रूपये 1000/– (एक हजार रुपए ) का भुगतान ई–पेमेन्ट द्वारा** |
| आनलाइन निविदा प्रक्रिया शुल्क | **राशि रूपये 295/– (दौ सौ पन्चान्नवें रुपए) का भुगतान ई–पेमेन्ट द्वारा** |
| ई.एम.डी./सत्यंकार राशि– | **राशि रूपये 25,000/–(रू.पचास हजार)**<br>**डिमान्ड ड्राफ्ट से जोकि "Chief Executive Officer, MFPPARC" के नाम से भोपाल में देय।** |

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
लघुवनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र,
भोपाल

## निविदा की सामान्य शर्तें :–

1. इस क्षेत्र में कार्यरत व्यक्ति/संस्थाएं जिन्हें प्रस्तावित कार्यों का अनुभव एवं विशेषज्ञता है, ही इस निविदा में भाग लेने की पात्र होगीं। इस हेतु विगत 3 वर्षों के कार्यानुभव का प्रमाण, कार्य आदेश इत्यादि प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
2. इस क्षेत्र में कार्यरत व्यक्ति/संस्थाओं द्वारा विगत 3 वर्षो में किए गए कार्यो एवं किसके के लिए कार्य किया गया है की सूची भी प्रदान करना अनिवार्य है। केवल निर्धारित निविदा प्रारूप में सत्यंकार राशि के साथ जमा निविदा ही स्वीकार्य होगी, अन्य किसी फार्म या प्रारूप में प्राप्त निविदा विचारणीय नहीं होगी।
3. निविदा फार्म अहस्तांतरणीय है। निविदा के साथ निविदा फार्म के क्रय का प्रमाण देना होगा।
4. सीलबन्द लिफाफे में निविदा दिनॉक **09.11.2017 को अपरान्ह 5.00 बजे तक** अधोहस्ताक्षर के कार्यालय को प्राप्त हो जाना चाहिए। सीलबन्द लिफाफे के ऊपर **''लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, बरखेड़ा पठानी, भोपाल में फर्श एवं दीवालों पर एपाक्सी एवं कोविंग उपचार का कार्य हेतु निविदा दिनांक 28.10.2017''** लिखा होना चाहिए। निर्धारित समय के पश्चात् प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा।
5. नियत समय तथा दिनांक तक प्राप्त निविदाओं को लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, बरखेड़ा पठानी, भोपाल के कार्यालय परिसर में उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष दिनॉक **10.11.2017 को अपरान्ह 3.00 बजे** से खोली जाएगीं।
6. निविदाकार को बोली प्रपत्र आनलाइन फार्मेट में डिजिटल साईन के साथ प्रस्तुत करना होगा। इस हेतु निविदाकार को www.mpeproc.gov.in पर आनलाइन पंजीयन करना होगा। आनलाइन निविदा में भाग लेने के लिए डिजिटल सर्टिफिकेट, इन्फोरमेशन टेक्नोलाजी अधिनियम–2000 के तहत प्राप्त करना होगा। निविदाकार डिजिटल सर्टिफिकेट, सीसीए द्वारा स्वीकृत संस्था से प्राप्त कर सकते है। जिन निविदाकारों के पास पूर्व से वैध डिजिटल सर्टिफिकेट है, उन्हें नया डिजिटल सर्टिफिकेट लेने की आवश्यकता नही है।
7. **परिशिष्ठ–1** में वर्णित कार्यो के संबंध में वित्तीय दरें, आनलाइन ही प्रस्तुत करनी होगी।
8. निविदा पत्र के साथ निम्नलिखित अभिलेखों को संलग्न कर **तकनीकी लिफाफे** में रखना है तथा आनलाइन भी अपलोड करना अनिवार्य एवं आवश्यक हैः–

   8.1.1 संस्था/फर्म के गठन के दस्तोवज।

   8.1.2 काली सूची में दर्ज नहीं होने बाबत् स्वःलिखित घोषणा पत्र ।

   8.1.3 सत्यंकार राशि रूपये 25,000/–(पच्चीस हजार मात्र) का डिमॉड ड्राफ्ट जोकि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी किया गया हो “Chief Executive Officer, MFPPARC, BHOPAL” के पक्ष में भोपाल में देय हो संलग्न करना अनिवार्य है। बिना सत्यंकार राशि के निविदा अमान्य कर दी जाएगी।

   8.1.4 निविदाकार का वाणिज्यिक कर/पेन नम्बर/GST की (छायाप्रति)।

   8.1.5 विगत 3 वर्षो में जमा किए गए आयकर रिटर्न की छायाप्रति।

   8.1.6 विगत 3 वर्षों के टर्नओवर की छायाप्रतियां।

   8.1.7 विगत 3 वर्षों के कार्यानुभव, कार्याआदेश के प्रमाण की प्रतियां।

   8.1.8 विगत 3 वर्षों में किए गए कार्यों एवं ग्राहकों की सूची।

   8.1.9 अन्य तकनीकी दस्तावेज एवं विशेषज्ञता का प्रमाण।

9. सर्शत निविदा बोली स्वीकार नही की जाएगी।

10. आनलाइन निविदा बोली के 2 इलेक्ट्रानिक लिफाफे होगें–
(1) तकनीकी निविदा
(2) वित्तीय निविदा
तकनीकी निविदा बोली में वांछित दस्तावेजों की प्रतियां जोकि अधिकृत व्यक्ति द्वारा स्व–प्रमाणित हो, स्केन कर अपलोड करनी होगीं, निविदा जमा करने पर यह समझा जावेगा कि निविदाकार को निविदा की सभी शर्ते स्वीकार्य है।

11. किसी भी निविदा को स्वीकार्य करने अथवा अस्वीकार्य करने का अधिकार पूर्णतः मुख्य कार्यपालन अधिकारी एम0एफ0पी0–पार्क का रहेगा।

12. म.प्र. शासन वन विभाग अथवा किसी अन्य शासकीय विभाग में काली सूची में दर्ज निविदाकार द्वारा प्रस्तुत निविदा ग्राह्य नहीं होगी तथा निविदा के साथ निविदाकार द्वारा स्वः–लिखित घोषणा–पत्र संलग्न करना होगा कि उनका नाम वन विभाग अथवा किसी अन्य शासकीय विभाग में काली सूची में दर्ज नहीं है। काली सूची में नाम दर्ज होने की दशा में जमा सत्यंकार/प्रतिभूति राशि राजसात कर ली जायेगी ।

13. निविदा स्वीकृत हो जाने की दशा में किये गये कार्य गुणवत्ता एवं स्पेसीफिकेशन के अनुरूप नहीं होने पर अधोहस्ताक्षरकर्ता के द्वारा निविदाकार की जमा सत्यंकार राशि राजसात कर ली जावेगी।

14. प्रस्तावित उपचार कार्यो की गुणवत्ता एवं स्पेसिफिकेशन उत्तम श्रेणी के अनुरूप होना चाहिए, जिसका सत्यापन केन्द्र द्वारा कार्य संपादन के दौरान समय–समय पर कराया जाएगा।

15. निविदा अस्वीकृत होने की दशा में असफल निविदाकारों को उनके द्वारा जमा की गई सत्यंकार राशि वापस कर दी जायेगी। निविदा क्रय शुल्क वापिस नही किया जाएगा।

16. निविदा की स्वीकृति अथवा अस्वीकृति की जानकारी, निविदा खोलने के एक सप्ताह के पश्चात् अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**17.** प्रस्तावित किए जाने वाले कार्यो का विस्तृत विवरण **परिशिष्ट–I** में दिया गया है। **परिशिष्ट–I** में दिए गए **कार्यो के संपादन हेतु आनलाइन ही वित्तीय दरें प्रस्तुत की जाएं। दरें प्रति वर्गफीट एवं प्रति रनिंग फीट, बिना कर (tax) के ही प्रस्तुत की जाएं।**

18. पूर्णतः हस्ताक्षरित मय सील के निविदा प्रपत्र की प्रति के साथ सत्यंकार राशि व स्वः–घोषणा पत्र **(परिशिष्ट–II)** के साथ बिन्दु क्रमांक 8 में दर्शित जानकारी पृथक से **तकनीकी निविदा लिफाफे** में रखकर सील्ड कर जमा करना अनिवार्य होगा।

19. स्वीकृत निविदाकार को निम्नलिखित शर्तें मान्य करना होगा :–

21.1 संपादित किए जाने वाले कार्यों हेतु पर्यवेक्षण व्यय, अथवा अन्य व्यय पृथक से नहीं दिये जायेंगे।

21.2 कार्यो के विरूद्ध ना ही अग्रिम एवं ना ही अतिरिक्त भुगतान किया जाएगा।

21.3 उचित श्रेणी की सामग्री का प्रयोग कर निर्धारित मानदण्डो के अनुरूप कार्य करना होगा।

21.4 सफल निविदाकार को आदेश जारी होने के उपरांत 20 दिवस में कार्य को पूर्ण किया जाना अनिवार्य होगा। विशेष परिस्थिति में इस अवधि को मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा अधिकतम 5 दिवस तक वृद्धि की जा सकेगी।

21.5 निविदा के साथ निविदा सूचना में प्रस्तावित कार्यो की मात्रा आवश्यकतानुसार अधोहस्ताक्षरकर्ता के द्वारा कम या अधिक की जा सकती है।

21.6 निविदाकार द्वारा समय पर कार्य न करने अथवा घटिया किस्म की सामग्री प्रयोग करने की दशा में जमा राशि पूर्णतः राजसात कर ली जावेगी।

21.7 कार्य के लिये निर्धारित अवधि के दौरान यदि निर्माण सामग्री अथवा श्रमिक दरों में वृद्धि के विरूद्ध अतिरिक्त भुगतान नही दिया जायेगा तथा किसी भी जानमाल की हानि की दशा में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, एम.एफ.पी.पार्क जिम्मेदार नहीं रहेगें तथा इस विषय में किसी भी प्रकार का कोई भुगतान अथवा मुआवजा देय नहीं होगा।

21.8 सफल निविदाकार के द्वारा निर्माण सामग्री कार्यालयीन समय में ही निर्माण स्थल पर लायी जायेगी तथा उसके अथवा उसके द्वारा कार्य में लगाये गये श्रमिकों के द्वारा यदि कोई हानि इस परिसर में की जाती है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी सफल निविदाकार को वहन करनी होगी। इस हानि की पूर्ति जमा राशि से वसूली अथवा भूराजस्व संहिता के अंतर्गत सफल निविदाकार से की जाएगी।

21.9 कार्यों की संतोषजनक पूर्णता पर ही भुगतान किया जायेगा। कार्यो के संपादन के साथ–साथ पूर्ण किए गए निर्माण कार्यो के सत्यापन के विरुद्ध ही भुगतान किया जा सकेगा।

20. **सुरक्षा निधिः–** सफल निविदाकार द्वारा जमा की गई सत्यंकार राशि को सुरक्षा निधि में परिवर्तित माना जाएगा जो इस केन्द्र में जमा रहेगी। कार्य पूर्णता अथवा अनुबंध समाप्ति के उपरांत निविदाकार के आवेदन प्रस्तुत करने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी के अनुमोदन उपरांत सत्यंकार राशि वापिस की जा सकेगी, सत्यंकार राशि पर कोई ब्याज देय नही होगा।

21. असफल निविदाकार को उनके आवेदन उपरांत सत्यंकार राशि वापिस कर दी जाएगी।

22. सफल निविदाकार के द्वारा उत्तम क्वालिटी की गारंटी अथवा संतोषजनक कार्य को सम्पुष्ट करना होगा।

23. निविदा के सम्बन्ध में किसी भी तरह के विवाद की स्थिति में प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य लघुवनोपज संघ, भोपाल का निर्णय अंतिम तथा बंधनकारी होगा।

24. न्यायलीन विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र भोपाल होगा।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी,**
लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र,
बरखेड़ा पठानी, भोपाल

परिशिष्ट– I

| S.No. | Scope of Works | Unit |
|---|---|---|
| 1 | Providing and applying 2MM Epoxy coating treatment on Floors<br>Surface preparation:<br>Removal of existing old coatings/paintings from concrete floor by using scarifying machines, sanders, scrubbing machines, wire brushes OR other mechanical tools<br>Providing and applying high strength, high abrasion resistant epoxy resin based primer and screed of minimum thickness 1000 microns (having compressive strength not less than 50 N/sqmm at 7 days and flexural strength not less than 20 N/sqmm at 7 days) to give proper level to the surface material 1000 micron (average) thick Self Leveling epoxy floor topping of approved color (compressive strength not less than 50 N/mm² at 7 days and flexural strength not less than 20 N/mm² at 7 days) in that order. High strength, high abrasion resistant epoxy screed shall be applied after application of one or more coats of compatible and appropriate epoxy primer.<br>All materials to be got approved before start of work.<br>Total minimum thickness of the multi-layered system shall be 2 mm.<br>Weight loss against abrasion resistance as per ASTM D4060 for product of self leveling top coat shall not be more than 75 mg when tested with CS17 wheel. | Squire Feet |
| 2 | Providing and applyinghigh abrasion resistant epoxy basedWall Coating. One coat primer and two top coats. | Squire Feet |
| 3 | Providing and applying high abrasion resistant epoxy resin based Coving100mm | Runing Feet |

## :: घोषणा ::

1. मैं (नाम) ................................................................आत्मज..................................................एतद् द्वारा कथन करता हूँ कि मेरे द्वारा निविदा की समस्त शर्तों का अध्ययन कर लिया गया है तथा सभी शर्ते मान्य हैं।

2. मैं (नाम) ..............................................................आत्मज...................................................... एतद् द्वारा बैंक ड्राफ्ट नं. ..........................दिनॉक .................................. राशि रूपये ...... ...................................... जो कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र के नाम से भोपाल में देय है, जमा करता हूँ ।

3. मेरे द्वारा निविदा के शर्तों ( क्रं0 / एम.एफ.पी.–पार्क / मु.का.अधि. / स्था0 / 17 / 2220 भोपाल, दिनांक 28.10.2017) के उल्लंघन अथवा पालन नहीं होने की दशा में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, बरखेड़ा पठानी, भोपाल के द्वारा निविदा शर्तों के अनुसार जो भी दण्ड दिया जायेगा, मैं उसका प्रतिभागी होऊँगा।

दिनॉक ..............................

निविदाकार के हस्ताक्षर

साक्षी

1. हस्ताक्षर
   नाम....................................
   पता ..................................
   .............................................
   दूरभाष क्रं..........................

नाम ....................................................
निविदाकार का पूरा पता
(पत्र व्यवहार के लिये)
...............................................................
...............................................................

2. हस्ताक्षर
   नाम .................................................................
   पता .................................................................
   ..........................................................................
   दूरभाष क्रं..........................

दूरभाष क्रं. ..........................................